आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 31.05.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए द्वीपों में भी व्यापक व्यवस्था की गई है।
- चार जून को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में मतगणना के कार्य को सुचारू बनाने और यातायात को भी व्यवस्थित करने के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है।
- सरकार ने सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को बीस लाख से बढाकर पच्चीस लाख रुपये कर दिया गया है।
- द्वीपसमूह में कारोबार को आसान बनाने और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए पंजीकरण तथा नवीनीकरण के संबंध में जारी होने वाले प्रमाणपत्रों की पूरी प्रक्रिया को तीनों ज़िलों में ऑनलाइन कर दिया गया है।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए द्वीपों में भी व्यापक व्यवस्था की गई है। पोर्ट ब्लेयर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय को मतगणना केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र में मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। द्वीपों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी. एस. जगलान ने बताया कि मतगणना दो हॉल में कराई जाएगी और प्रत्येक हॉल में चौदह टेबल होंगे। सबसे पहले पोस्टल बैलेट और इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमीटेड डाक मत प्रणाली की गणना की जाएगी। इसके बाद सुबह साढ़े आठ बजे से ई वी एम में मतगणना का कार्य आरंभ होगा।

<><><><><><><>

चार जून को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय परिसर में मतगणना के कार्य को सुचारू बनाने और यातायात को भी व्यवस्थित करने के लिए कार्यक्रम तैयार किया गया है। सिंक्लेयर चौराहे, साउथ प्वाइंट सर्किट हाउस चौराहे, गवर्मेंट प्रेस, मच्छी लाइन, आर.के मिशन और गर्ल्स स्कूल चौराहे पर सुबह चार बजे से लेकर मतगणना की समाप्ति तक बैरिकेट लगाया जाएगा। इस

स्थल से किसी भी क्षेत्र से किसी भी प्रकार के वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना केन्द्र में प्रवेश के लिए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय की ओर से जारी वैध पासधारक वाहनों को ही प्रवेश करने की अनुमति होगी। बिना पास वाले वाहनों को महावीर सिंह मार्ग पर धर्मशाला चौराहे तक सड़कों के दोनों ओर पार्क करने की अनुमति होगी। दुपहिया वाहनों को धर्मशाला चौराहे से गर्ल्स स्कूल चौराहे तक सड़क के बांयी ओर और चार पहिया वाहनों को सड़क की दांयी ओर के अलावा स्वीमिंग पुल के नजदीक तथा वेलोड्रोम के सामने वाहन पार्क करने को कहा गया है। किसी भी प्रकार के वाहन को पुराने स्काउट हट से लेकर गर्ल्स स्कूल ट्राफिक प्वाइंट तक पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। वार्षिक रिपोर्ट में बैंक ने कहा है कि वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर समान रूप से सात प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष दो हजार चौबीस में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ी। इस दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि पिछले वर्ष के सात प्रतिशत से बढ़कर सात दशमलव छह प्रतिशत हो गई। देश की अर्थव्यवस्था का परिदृश्य सुदृढ बना हुआ है। व्यापक आर्थिक बुनियादी आधार और कॉर्पोरेट क्षेत्र मजबूत है, साथ ही बाहरी आर्थिक क्षेत्र में भी उबरने की शक्ति मौजूद है।

रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी प्रतिभूतियों से ब्याज आय में उल्लेखनीय वृद्धि के कारण वित्त वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में केंद्रीय बैंक की आय में वार्षिक आधार पर लगभग सत्रह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

<><><><><><><>

सरकार ने सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को बीस लाख से बढाकर पच्चीस लाख रुपये कर दिया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक ज्ञापन जारी किया है। इसमें कहा गया कि संशोधित सीमा एक जनवरी दो हजार चौबीस से लागू होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में कारोबार को आसान बनाने और डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने तथा निकोबार ज़िले के दुकानदारों और संस्थानों को सुविधा प्रदान करने के लिए पंजीकरण तथा नवीनीकरण के संबंध में जारी होने वाले प्रमाणपत्रों की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। ये कल से क्रियान्वित हो गया है। इसके साथ ही दुकानों और प्रतिष्ठानों के पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए प्रमाणपत्र जारी करने की पूरी प्रक्रिया अब तीनों जिलों में ऑनलाइन हो गई है। द्वीपसमूह के सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों के मालिकों से इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए श्रम विभाग की वेबसाइट में आवेदन करने को कहा गया है। नजदीकी सामान्य सेवा केन्द्रों में भी आवेदन फार्म दुकान मालिकों और प्रतिष्ठानों द्वारा जमा किया जा सकता है। वेबसाइट पर आवेदन की जानकारी भी दुकानदार देख सकते हैं। स्वीकृति मिलने के बाद दुकान या प्रतिष्ठान मालिक ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर प्रमाणपत्र बिना किसी परेशानी या खुद से कार्यालय में जाने के बजाय ऑनलाइन ही डाउनलोड कर सकते हैं। श्रम विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुल्क अदायगी के बारे में भी निर्देश उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के उप–निदेशक, स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने कहा कि तम्बाकू का सेवन सामाजिक बुराई है और इसकी रोकथाम जरूरी है। उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चों से ही नशे या तम्बाकू के सेवन की प्रक्रिया आरंभ हो जाती है, जो आगे चलकर एक गंभीर परिणाम में तब्दील हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे को समाप्त करने के लिए इसके चेन को ही समाप्त करना होगा।

इस बीच, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट पर भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग के उप–निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय के साथ की गई बातचीत आप सुनेंगे।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणो के चलते एम. वी. स्वराज द्वीप की पांच जून की चेन्नई यात्रा कार्यक्रम स्थागित कर दिया गया है, अब यह जहाज छह जून को सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से चेन्नई के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट सब–स्टेशन पर पैन्थर–एक और पैन्थर–दो टाई लाईनों के रख–रखाव के कार्य किए जाने के चलते कल पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अण्डमान के कुछ क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की जगतपुर और अल्लपी केन्द्रों में अग्रिम प्रशिक्षण के लिए द्वीपसमूह से रोइंग में चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इनमें तेजवीर सिंह, एस. जगदीश, बी. हरिता और बी. हरिप्रिया शामिल हैं। ये चारों ही खिलाड़ी साई की पोर्ट ब्लेयर स्थित आवासीय केन्द्र से संबंध रखते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर इन्होंने पदक जीत कर द्वीपों का गौरव भी बढ़ाया है। अब नई भूमिका में इन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। आज सुबह साढ़े पांच बजे तक पोर्ट ब्लेयर और आसपास के इलाकों में सत्रह दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। आज निकोबार में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। तेज हवाओं के चलते मछुआरों को कल से लेकर तीन जून तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

कार–निकोबार और ननकौड़ी थाने को आई एस ओ प्रमाणन पत्र प्राप्त होने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। आपातकालीन हेल्पलाइनों को एक ही हेल्पलाइन में एकीकृत करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। सांसद कुलदीप राय शर्मा द्वारा पर्यटकों के लिए बीमा पॉलिसी के प्रस्ताव रखने के समाचार को–इंफो इंडिया और द इको ऑफ इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

<><><><><><><>